# मिशन

# वक्तव्य

**सफल होने और पूरी क्षमता हासिल करने के उद्देश्य से शैक्षणिक, रोजगार और सामाजिक सेवाएं प्रदान करके विविध समुदायों को सशक्त बनाना।**

# विजन

**एक समृद्ध और समावेशी कैनेडा जो हर एक व्यक्ति की कामयाबी पर निर्मित हो।**

# महत्व

**नेतृत्व**

- **हम अपने समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन का समर्थन करते हैं और उसके लिए कार्रवाई करते हैं।**

**विविधता**

- **हम प्रत्येक व्यक्ति की भिन्नता और अनूठे योगदान को महत्व और सम्मान देते हैं।**

**सशक्तीकरण**

- **हम सभी लोगों की क्षमता को स्वीकार करते हैं और उनकी उन्नति एवं आत्मनिर्भरता में सहायता करते हैं।**

**अनुकंपा**

- **हम एक दूसरे को सहारा देते हैं और उनका खयाल रखते हैं।**

**उत्कृष्टता**

- **हम जो भी काम करते हैं उसमें उच्च मानकों के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

**नवप्रयोग**

- **हम परिवर्तन को स्वीकार करते हैं, निरंतर सुधार का समर्थन करते हैं और नए समाधानों को प्रोत्साहित करते हैं।**

**जवाबदेही**

- **हम जो करने का वादा करते हैं उसे करते हैं।**

# COSTI के बारे में

1952 से विविधतापूर्ण समाज की जरूरतों को पूरा करते हुए, COSTI आप्रवासन सेवा (COSTI Immigrant Services) एक समुदाय-आधारित बहु-सांस्कृतिक एजेंसी है जो उन सभी आप्रवासी समुदायों, नए कैनेडावासियों और लोगों को रोजगार, शिक्षा, बसने की प्रक्रिया संबंधी तथा सामाजिक सेवाएं प्रदान करती है जिन्हें सहायता की आवश्यकता होती है।

COSTI सामुदायिक सेवा में एक लीडर बनने के लिए कड़ी मेहनत करता है जिसके लिए यह सेवाओं की योजना बनाने, उन्हें तैयार करने तथा प्रदान करने के लिए एक क्लाइंट-केंद्रित, अग्रसक्रिय, एवं नवप्रयोगयुक्त दृष्टिकोण का प्रयोग करता है। हमारे प्रोग्रैम सुनिश्चित करते हैं कि जो लोग कैनेडा आते हैं वे भाषा या सांस्कृतिक बाधाओं पर ध्यान दिए बिना जानकारी पा सकें, अपने मौजूदा कौशलों का प्रयोग कर सकें तथा नए कौशल सीख सकें जो कैनेडा के समाज के सभी पहलुओं में व्यापक और गहन रूप से शामिल होने की उनकी क्षमता को तेजी से विकसित करते हों।

टोरन्टो, यॉर्क रीजन और रीजन ऑफ पील में 18 स्थानों से काम करते हुए, COSTI द्वारा 60 से अधिक भाषाओं में सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हमने 39,000 से अधिक व्यक्तियों की सहायता प्राप्त करने में मदद की है।

सेवाओं और प्रोग्रैम्स में शामिल हैं:

- अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रशिक्षित लोगों के लिए विशेषज्ञता वाली रोजगार सेवाएं, तथा उपयुक्त सेवाओं की जानकारी एवं रेफरल, रोजगार मूल्यांकन एवं परामर्श, नौकरी की प्लेसमेंट, नौकरी की खोज संबंधी प्रशिक्षण और वयस्कों तथा युवाओं के लिए नौकरी विकास।
- अंग्रेज़ी भाषा (ESL और LINC), कौशल प्रशिक्षण तथा परिष्कृत भाषा प्रशिक्षण (ELT) के प्रोग्रैम।
- बसने की प्रक्रिया संबंधी सेवाएं जिनमें हाल ही में आए आप्रवासियों के लिए अनुकूलन, जानकारी, परामर्श और सांस्कृतिक व्याख्या शामिल हैं।
- बस चुके उन आप्रवासियों के लिए बसने के बाद की सहायता जिनके लिए अभी भी सामाजिक और सरकारी सेवाओं की आवश्यकता है।
- सरकारी सहायता प्राप्त शरणार्थियों, शरणार्थी दावेदारों और निजी-प्रायोजित शरणार्थियों के लिए आवास और बसने की प्रक्रिया से संबंधित सहायता।
- परिवार परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं।
- बेदखली का सामना कर रहे, अथवा सीमांत घरों में रहने वालों के लिए आवास संबंधी सहायता।
- जीवन की बाधाओं से पार पाने और अवसरों तक पहुंच में आप्रवासी महिलाओं की सहायता करना।
- विशिष्ट रूप से बुजुर्गों की जरूरतों से जुड़ी सेवाएं ताकि वे संतुष्ट और गरिमामय जीवन जी सकें।
- अनुवाद और दुभाषिया सेवाएं।

# एक इतिहास
# प्रगति के पथ पर

1952 से ही, COSTI जरूरतमंद लोगों के लिए मौजूद रहा है। 1952 में टोरन्टो में उस समय हाल के आप्रवासियों की जरूरतों को देखते हुए, COSTI (उस समय इसे Italian Immigrant Aid Society कहा जाता था) की स्थापना की गई थी। आज कई दशक बीत जाने के बाद, यह शहर बदल चुका है और उसी अनुरूप COSTI के कार्य भी बदल गए हैं।

COSTI की उत्पत्ति 1981 में दो बड़ी सेवा एजेंसियों के एकीकरण से हुई, COSTI (इसे पहले Centro Organizzativo Scuole Tecniche Italiane कहा जाता था) और IIAS (Italian Immigrant Aid Society), जिनमें से प्रत्येक का आप्रवासी समुदाय में सेवा का लंबा और गौर्वपूर्ण इतिहास रहा था।

COSTI एक बहुसांस्कृतिक संगठन है जिसने हमेशा समुदाय में उत्पन्न होने वाली विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप अनेक प्रकार की सेवाएं और अवसर प्रदान किए हैं। इसे टोरन्टो में एक व्यापक और अत्यंत विविधतापूर्ण निर्वाचन क्षेत्र और पील तथा यॉर्क रीजन का मजबूत समर्थन हासिल है। COSTI विकसित होकर आज जिस रूप में है उसका कारण है कि इसके स्वयंसेवक लीडरों और और अनुकंपापूर्ण कर्मचारियों ने परिवर्तन लाने की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ काम किया है।

### 1950 का दशक - दूसरों की सहायता करने की परंपरा की स्थापना

1952 में गठित, IIAS एक ऐसे संगठन के रूप में उभरा जिसका मुख्य उद्देश्य इटली के नवागंतुकों के जीवन की मूलभूत जरूरतें पूरी करना था। टोरन्टो में यूनियन स्टेशन पर आप्रवासियों से मिलकर, IIAS कार्यकर्ता आवास और रोजगार में उनकी सहायता करते, और नए देश में इन नवागंतुकों के अधिक सहज होने के लिए तैयार किए गए अनुकूलन व परामर्श में फॉलो-अप करते।

### 1960 का दशक - समुदाय के साथ बंधन मजबूत करना

दस वर्ष बाद, 1962 में, हाल में आए इटली के आप्रवासियों की सहायता के लिए COSTI की स्थापना की गई ताकि वे कैनेडा में अपने व्यवसाय में जीविका चलाने के लिए जरूरी पेशेवर योग्यताएं हासिल कर सकें। अपने शुरूआती दिनों में, COSTI के प्रोग्रैम टोरन्टो में एक चर्च के बेसमेंट से चलाए जाते थे, जिन्हें अंततः 136 बेवरली स्ट्रीट में ले जाया गया।

आप्रवासियों को अंग्रेज़ी-भाषा लाइसेंसिंग परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु जो उन्हें कैनेडा में काम करने के लिए पास करनी जरूरी थीं, COSTI के कार्यकर्ता अंग्रेज़ी भाषा शिक्षण प्रोग्रैम आयोजित करते थे। जैसे-जैसे क्लाइंट्स की संख्या बढ़ी, न केवल व्यावसायिक काउंसलिंग यानी परामर्श के लिए, बल्कि सामान्य और परिवार परामर्श की भी आवश्यकता महसूस की जाने लगी।

जल्दी ही, COSTI में प्रदान किए जा रहे प्रोग्रैम्स के लिए उसकी सुविधाएं कम पड़ गईं और इस संगठन ने उस क्षेत्र के विभिन्न तकनीकी शिक्षा केंद्रों के साथ सहयोग करके काम करना आरंभ कर दिया। 1966 में, Workers' Compensation Board (जिसे अब Workplace Safety and Insurance Board कहा जाता है), ने घायल कामगारों के स्वास्थ्यलाभ हेतु एक प्रोग्रैम शुरू करने के लिए COSTI से संपर्क किया। यह प्रोग्रैम काफी आगे बढ़ा इसने और समय के साथ असंख्य घायल कामगारों के जीवन में सुधार किया।

## 1960 का दशक - जारी

1960 के दशक के अंत तक, यह एजेंसी संपूर्ण टोरन्टो, हैमिल्टन, और उपनगरीय नॉर्थ यॉर्क में परामर्श कार्यालय खोल चुकी थी। इसी समय के आसपास की बात है जब COSTI एक United Way सदस्य एजेंसी बन गया, और इसने इटली के अलावा अन्य देशों के आप्रवासियों के लिए भी अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दीं।

## 1970 का दशक - बहुसंस्कृतिवाद

1970 के दशक के दौरान, COSTI की सेवाओं में एक बार फिर से विस्तार किया गया और उसमें कैनेडा आने वाले शरणार्थियों के लिए सहायता भी शामिल कर ली गई। वियतनाम के "बोट पीपल" में से बहुतों की शिक्षा के स्तर की पुष्टि की तीव्र आवश्यकता को महसूस करते हुए, COSTI ने जॉर्ज ब्राउन कॉलेज के साथ मिलकर एक परीक्षा और प्रमाणन प्रक्रिया तैयार की, जो कैनेडा में अपनी तरह का पहला प्रोग्रैम था।

## 1980 का दशक - एक साझा विजन

IIAS और COSTI के लक्ष्यों और कार्यों में समानता को स्वीकार करते हुए, 1980 में इन दो एजेंसियों के एकीकरण के लिए बातचीत आरंभ की गई। 24 जनवरी, 1981 को, यह लक्ष्य पूरा कर लिया गया और इन दोनों संगठनो को मिलाकर उसका आधिकारिक नाम COSTI-IIAS Immigrant Services कर दिया गया।

## 1990 का दशक - बाधाएं दूर करना

1990 के दशक में, COSTI ने आश्चर्यजनक वृद्धि और तरक्की की। अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रशिक्षित पेशेवरों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, समुदाय में नेतृत्व प्रदान करने में COSTI की बड़ी भूमिका थी जिसमें उसने अनूठे सेवा प्रदानगी मॉडल विकसित किए जोकि अंतर्राष्ट्रीय कार्य अनुभव के साथ कैनेडा आने वाले लोगों की जरूरतों को हल करते थे। 1997 में स्थापित, अपनी तरह के पहले COSTI के सेंटर फॉर इंटरनैशनली ट्रेन्ड प्रफेशनल्ज़ द्वारा पेशेवरों को कार्यस्थल पर उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में गहन व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराया जाता था।

## 2000 का प्रथम दशक - COSTI और समुदाय

2,000 के प्रथम दशक में, समुदाय के साथ COSTI के सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस संगठन ने 2001 में प्रथम African Canadian Council का आयोजन एवं उसकी मेजबानी की, जिसमें 51 अफ्रीकी-सेवी संगठनों और समुदाय सदस्यों को सम्मेलन में लाया गया ताकि बढ़ते हुए समुदाय की सेवाओं की योजना बनाने तथा अधिक तालमेल की आवश्यकता पर चर्चा की जा सके। इस सम्मेलन का ही परिणाम था कि African Canadian Social Development Council की स्थापना की गई, जिसे सेवाओं में तालमेल करने, प्रशिक्षण देने तथा अधिक प्रतिक्रियाशील सार्वजनिक नीति की हिमायत करने का आदेश था। COSTI ने एक ट्रस्टी यानी संरक्षक की भांति कार्य किया।

2007 में, अन्य चार साझेदार संगठनों के साथ, Welcome Centre Immigrant Services साझेदारी मॉडल की स्थापना की गई। COSTI के नेतृत्व में वॉन में प्रथम केंद्र की स्थापना की गई। एक वर्ष बाद चार और स्थानों पर केंद्र खोले गए, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व चार अन्य साझेदारों में से किसी एक ने किया। York Region, Welcome Centre Immigrant Services Centres में एकल-बिंदु सेवा को नवागंतुकों की बसने संबंधी जरूरतों को सीधे देखने के हिसाब से डिजाइन किया

गया है। इसके अलावा, पुर्तगाली बोलने वाले और स्पेनिश बोलने वाले समुदायों में लोगों के लिए और सामूहिक तौर पर काउंसलिंग की बढ़ती आवश्यकता को महसूस करते हुए, COSTI ने 2008 में अपनी परिवार और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं इन समुदायों के लिए भी लागू कर दीं।

## वर्तमान - सहभागिता को तीव्र करते हुए

अब COSTI Immigrant Services के रूप में विख्यात यह संगठन बढ़कर उस मुकाम तक पहुंच गया है जहां यह हर वर्ष दुनिया के हर कोने से आए 39,000 से भी आधिक लोगों की सहायता करता है। यद्यपि COSTI का लक्ष्य समूह अभी भी हाल ही में आए आप्रवासी ही हैं, तथापि COSTI के प्रोग्रैम्स का विस्तार हो गया है और उनके तहत सभी वंचित वयस्कों, युवाओं और महिलाओं को सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अपने 400 से अधिक कर्मचारियों के साथ, जो मिलकर 60 से भी अधिक भिन्न-भिन्न भाषाएं धाराप्रवाह रूप से बोल सकते हैं, COSTI सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए विविध प्रकार के समुदायों तक पहुंचने में समर्थ है।

समुदाय के साथ COSTI का सहयोग और साझेदारियां संपूर्ण प्रोविंस में प्रोग्रैम्स की स्थापना के साथ जारी है, जैसे कि 2011 में आरंभ किया गया Orientation to Ontario Program, महिलाओं के साथ दुरुपयोग के चिह्नों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जन शिक्षा अभियान International Student Connect and the Neighbours, Friends and Families।

COSTI द्वारा सामुदायिक सेवा में एक लीडर बनने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी है जिसके लिए यह सेवाओं की योजना बनाने, उन्हें तैयार करने तथा प्रदान करने के लिए एक क्लाइंट-केंद्रित, अग्रसक्रिय, एवं नवप्रयोगयुक्त विधि का प्रयोग करता है। इसके प्रोग्रैम सुनिश्चित करते हैं कि जो लोग कैनेडा आते हैं वे भाषा या सांस्कृतिक बाधाओं पर ध्यान दिए बिना, अपने मौजूदा कौशलों का प्रयोग कर सकें, नए कौशल सीख सकें तथा कैनेडा के जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से शामिल हो सकें।

## शरणार्थियों के साथ हमारा काम और सीरिया के शरणार्थी संकट पर कैनेडा की प्रतिक्रिया

एक ऐसे संगठन के तौर पर जो आप्रवासियों, शरणार्थियों और उन समुदायों को सेवाएं प्रदान करता है जिसमें वे रहते हैं, बड़ी संख्या में सीरियाई शरणार्थियों को लेने में COSTI तन्मयता से शामिल था, तथा अधिक विशिष्ट रूप से ग्रेटर टोरन्टो क्षेत्र में, और 2016 के बाद 2,200 से अधिक सीरियाई लोगों को कैनेडा को अपना घर बनाने में मदद की। किसी भी अन्य व्यक्ति की भांति जो कैनेडा में रहने का फैसला करता है, हम यह सुनिश्चित करने के लिए लगन के साथ काम करते हैं कि कैनेडा के नए नागरिक अपने समुदायों में सहभागिता कर पाएं और सफलता प्राप्त करें।

आज भी, सरकारी सहायता वाले शरणार्थियों, निजी-प्रायोजित शरणार्थियों और शरणार्थी दावेदारों के साथ COSTI काम करना जारी रखे हुए है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रदान की जाने वाली सहायता और सेवाओं से अपने स्थानीय समुदाय और नए देश में ऐसे शरणार्थियों की सहभागिता तेजी से आगे बढ़े।